प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 07.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

....

प्रदेशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्यौहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि भगवान गणेश सभी प्रकार की बाधाओं को दूर करने वाले और मंगल करने वाले है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री गणेश की अराधन से जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं। प्रदेशभर में विभिन्न गणेश मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में भक्तों का भारी सैलाब उमड़ रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने गणेश मंदिर पहुंचकर गणेश जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। सवाईमाधोपुर जिले में रणथम्भौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं की लम्बी कतारे लगी हुई है। डूंगरपुर में मुरला गणेश जी मंदिर और लाभ गणेश मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रृद्धालु उमड रहे है। बारां के अटरू रोड़ स्थित मनसापूर्ण गणेश मंदिर, चौमुखा बाजार स्थित गणेश मंदिर सहित कई मंदिरों में विशेष सजावट की गई है। भरतपुर में अटलबंद स्थित गणेश मंदिर और मिला स्थित दाता गणेश मंदिर में श्रद्धालु गणेश का पूजन कर मोदका का भोग लगा रहे है। जैसलमेर में चुन्धी गणेश मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से ही बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। हनुमानगढ़ और करौली में भी श्रद्धालु विशेष पूजा अर्चना कर रहे है। टोंक के अन्नपूर्णा गणेश मंदिर में विशेष आकर्षक झांकी सजायी गई है।

....

प्रदेशभर में मॉनसून सक्रिय है। कल रात से अधिकांश स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी है। राजधानी जयपुर में सुबह से तेज बारिश होने से सड़कों पर यातायात प्रभावित हुआ और निचले इलाकों में पानी भर गया। मूसलाधार बारिश के बाद जयपुर के जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी ने आज शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा किया और जल भराव क्षेत्र में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मौसम विभाग ने आज उदयपुर, अजमेर तथा जयपुर संभाग के कुछ भागों में मध्यम और कुछ इलाकों में भारी से अतिभारी बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग ने जोधपुर, बीकानेर, भरतपुर और कोटा संभाग के कई इलाकों में भी तेज बारिश के आसार जताये है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश के उत्तर–पूर्वी हिस्से के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना है। एक लो–प्रेशर सिस्टम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना है। इन सिस्टम के प्रभाव से पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भागों में अगले दो–तीन दिन मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा भीलवाड़ा, उदयपुर और जयपुर में भारी बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज प्रदेशभर के 28 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। अजमेर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, कोटा, सवाईमाधोपुर, सिरोही, टोंक और पाली में भारी बारिश होने की संभावना है। यहां आज मौसम विभाग जयपुर ने भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बीसलपुर के कैचमेंट एरिया में हो रही बरसात के कारण कल बीसलपुर बांध के चार गेट खोले गए हैं। भरतपुर जिले के बंध बरैठा बांध की भराव क्षमता 29 फीट तक पहुंच गई है। बांध में से पानी की चादर चलने की स्थिति को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने बांध के दो गेटों को खोलकर पानी की निकासी शुरू कर दी है। पिछले 24 घंटे के दौरान अजमेर में 71, पुष्कर में 40, जवाजा में 47, मांगलियावास में 60, टोंक के देवली में 50, जयपुर के कोटपुतली में 64, जमवारामगढ़ में 33, सीकर के खंडेला में 46, झुंझुनूं के मलसीसर में 43, उदयपुरवाटी में 45, प्रतापगढ़ के धरियावद में 52, दौसा के रामगढ़ पचवाड़ा में 63 और बसवा में 82 मिमी बरसात हुई।

....

आज अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस है। इस अवसर पर जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी संस्थान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव भी शिरकत कर रहे है।

....

केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने आज बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन कर देश और प्रदेश में अमन, चैन और खुशहाली की कामना की है। इस अवसर पर श्री शेखावत ने पूजा अर्चना भी की। आज ही श्री शेखावत पोकरण में जिलास्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी लेंगे।

....